NEW ERA PUBLIC SCHOOL RAJBAGH
SOLVED ASSIGNMENT OF UNIT-I

CLASS : 2nd
SUBJECT : HINDI

SESSION : 2021-22
Pg no 1.

पाठ - 1

हिमालय

शब्द ज्ञान

युग - युग से = बहुत वर्षों से , डिगना = हिलना, पथ = रास्ता , अचल = स्थिर।

बहुवैकल्पिक प्रश्न

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाएँ :

क, कविता में किसके बारे में बात हो रही है?
हिमालय (✓), गंगा (x), एवरेस्ट (x), गंगा (x)

ख, कविता में किससे न डरने का संदेश दिया गया है ?
आँधी और पानी (✓), बरसात और धूप (x), हवा और गर्मी (x), सरदी और बसंत (x)

ग, किस प्रकार सब कुछ पाया जा सकता है ?

आराम करने से (x), सोने से (x),
जागने से (x), पथ पर अडिग रहकर (✓).

२. कविता की पंक्तियाँ पूरी करें :
क, डिगो न अपने प्रण से, तो सब कुछ पा
सकते हो प्यारे ।

ख, तुम भी ऊँचे हो सकते हो, छू सकते हो
नभ के तारे । अचल रहा जो अपने
पथ पर, लाख मुसीबत आने में । मिली
सफ़लता जग में उसको, जीने में मर
जाने में ॥

२. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो :
क, खड़ा हिमालय क्या बता रहा है ?
उ० : खड़ा हिमालय यह बता रहा है कि
हमे आँधी, तूफान और पानी से नहीं
डरना चाहिए और हमेशा अपने पथ
पर डटे रहना चाहिए ।

ख, 'ऊँचे उठना' का क्या अर्थ है ? आप कैसे
ऊँचे उठ सकते हो ?

Scanned with CamScanner

उ०: 'ऊँचे उठना' का अर्थ सफलता मिलना है। हम अपने पथ पर अडिग रहकर ऊँचे उठ सकते है।

ग, संसार में सफलता किसे मिलती है?
उ०: संसार में सफलता उसे मिलती है जो अपने पथ पर अचल रहता है।

1. समान अर्थ बताइए:
क, जग = ससार, दुनिया
ख, पथ = रास्ता, मार्ग
ग, पर्वत = पहाड़, शिखर
घ, नभ = आकाश, गगन

2. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाएँ:
क, पथ = हम अपने पथ से घर जा रहे है।

ख, अचल = पर्वत एक जगह स्थिर रहता है।

ग, नभ = आकाश में तारे चमक रहे है।

घ, मुसीबत = हमें मुसीबतों से नही डरना चाहिए।

Scanned with CamScanner

# पाठ - 2.

## ईश्वरचंद्र विद्यासागर

### शब्द ज्ञान

निर्धन = गरीब, कुशाग्र बुद्धि = तेज बुद्धि, प्रारंभिक = शुरू की, मतभेद = विरोध, व्यवहार-कुशल = अच्छा व्यवहार करने वाला, त्यागपत्र = इस्तीफ़ा, पद छोड़ना, नियुक्त = किसी पद पर रख जाना, स्वावलंबी होना = अपना काम खुद करना।

### बहुवैकल्पिक प्रश्न

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाएँ :

क, ईश्वरचंद्र बचपन में कैसे थे ?
मंद बुद्धि (×), हठ बुद्धि (×, कुशाग्र बुद्धि (✓), कम बुद्धि (×)

ख, ईश्वरचंद्र को संस्कृत कॉलेज में कब प्रवेश कराया गया ?
1729 (×), 1929 (×), 1629 (×), 1829 (✓)

ग, ईश्वरचंद्र किस कारण देश में प्रसिद्ध थे ?
सामाजिक कार्यों के कारण (✓)

धन के कारण (✗), निर्धनता के कारण (x), सम्मान के कारण (x)

मौखिक (Oral Questions)

1. ईश्वरचंद्र जी के पिता का क्या नाम था?
उ०: ईश्वरचंद्र जी के पिता का नाम ठाकुरदास था।

2. ईश्वरचंद्र जी की माता का क्या नाम था?
उ०: ईश्वरचंद्र जी की माता का नाम भगवती था।

3. ईश्वरचंद्र जी के गाँव का नाम बताएँ?
उ०: ईश्वरचंद्र जी के गाँव का नाम वीरसिंघा था।

लिखित (Written Questions)

1. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें:

क, ईश्वरचंद्र जी को किस उपाधि से और क्यों सम्मानित किया गया?
उ०: ईश्वरचंद्र जी को 'विद्यासागर' की उपाधि से सम्मानित किया गया क्योंकि वह तेज बुद्धि वाले थे।

ख, ईश्वरचंद्र को किस कारण प्रसिद्धि मिली?
उ०: अपनी विद्वता और देश व समाज के कार्यों से ईश्वरचंद्र को दूर-दूर तक प्रसिद्धि मिली।

Scanned with CamScanner

ग. विद्यासागर ने सज्जन का सूटकेस क्यों उठाया?
उ०: विद्यासागर ने सज्जन का सूटकेस इसलिए उठाया क्योंकि वह कुली - कुली पुकार रहे थे।

२. वाक्य बनाओ :

क. कुशाग्र बुद्धि :- ईश्वरचंद्र कुशाग्र - बुद्धि वाले थे।

ख. व्यवहार कुशल :- ईश्वरचंद्र अच्छे व्यवहार वाले व्यक्ति थे।

ग. स्वावलंबी :- ईश्वरचंद्र जी कहते थे अपना काम खुद करो।

घ. विद्वता : ईश्वरचंद्र अपनी विद्वता के कारण दूर - दूर तक प्रसिद्ध हो गए।

३: रिक्त स्थान भरो :

विद्वता , 50 रुपए , 1829, स्वावलंबी

1. ईश्वरचंद्र विद्यासागर को सन् 1846 में 50 रुपए मासिक वेतन पर संस्कृत कालेज में नियुक्त किया गया।

2. ईश्वरचंद्र जी ने कहा सदा स्वावलंबी बनो।

Scanned with CamScanner

3. अपनी विद्वता और समाज के कार्यों के कारण ईश्वरचंद्र प्रसिद्ध थे ।

4. सन् 1829 में ईश्वरचंद्र को उच्च-शिक्षा के लिए कोलकत्ता के कालेज में प्रवेश करवाया गया ।.

4. कहानी को क्रमपूर्वक लगाएँ :

क. सन् 1846 में अध्यापन कार्य के लिए नियुक्त हुए। (4)

ख. 1829 में उच्च शिक्षा के लिए कोलकाता के कॉलेज में प्रवेश कराया गया। (3)

ग. रास्ते में मील के पत्थरों पर लिखे अंग्रेजी के सारे अंक सीख लिए। (2)

घ. ईश्वरचंद्र का जन्म निर्धन परिवार में हुआ।(1)

— o —

# पाठ - 3
# मेहनती मछुआरा

शब्द ज्ञान :

विपरीत = उल्टा , पोटली = छोटी गठरी , योजना = सलाह करना , धरा = पड़ा , स्वार्थी = मतलबी , स्नेह = प्यार , सावधानी = ध्यान , दंड = सजा , क्षमा = माफ़ी ।

## बहुवैकल्पिक प्रश्न

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाएँ :

क. श्यामू कैसा व्यक्ति था ?
गंभीर (x), मेहनती (x), भोला - भाला (✓), क्रोधी (x) ।

ख. श्यामू के कितने बेटे थे ?
दो (x), चार (x), पाँच (x), तीन (✓) ।

ग. रानी मछली ने श्यामू को क्या दिया ?
पोटली (✓), थैला (x), गठरी (x), सामान (x) ।

मौखिक (oral Questions.

क, श्यामू के तीनों बेटों के नाम बताओ ?
उ० : श्यामू के तीनों बेटों के नाम जय, गोलू और दीनू था ।

ख, तीनों में से कम स्वार्थी कौन था ?
उ० : तीनों में से कम स्वार्थी गोलू था ।

ग, तीनों को पिता ने क्या दिया ?
उ० : तीनों को पिता ने चाँदी के सिक्के दिए ।

1. लिखित :(Written Questions)

क, श्यामू की पत्नी ने मरते वक्त क्या कहा था ?
उ० : श्यामू की पत्नी ने मरते वक्त कहा था, " मेरे जेवर मत बेचना । जब बहुएँ आएँ तो उन्हें दे देना ।

ख, रानी मछली ने जय और दीनू के साथ क्या किया ?
उ० : रानी मछली ने जय और दीनू को पिंजरे में बंद कर दिया ।

ग, रानी मछली से किससे क्षमा माँगी और क्या कहा ?
उ० : रानी मछली से श्यामू ने क्षमा माँगी और कहा, " मैं अपनी बेटों की तरफ से माफी माँगता हूँ ।"

घ, रानी मछली श्यामू के साथ गोलू को छोड़ने के लिए क्यों तैयार हो गई ?
उ०: रानी मछली श्यामू के साथ गोलू को छोड़ने के लिए इसलिए तैयार हो गई क्योंकि गोलू के मन में श्यामू के लिए स्नेह था।

ङ, श्यामू ने तीनों बेटों को क्या दिया ?
उ०: श्यामू ने तीनों बेटों को चाँदी के सिक्के दिए।

२. 'हाँ' या 'नही' में बताएँ।

क, श्यामू अपने पुत्रों के व्यवहार से खुश था। (नहीं)

ख, मछली रानी जय और गोलू पर क्रोधी थी। (हाँ)

ग, गोलू बाकी दोनों भाईयों से कम स्वार्थी था। (हाँ)

घ, पिता ने उनमें चाँदी के सिक्के बराबर-बराबर बाँट दिए। (हाँ)

ङ, रानी मछली ने उन्हें जाल में बंद कर दिया। (हाँ)

Scanned with CamScanner

1. निम्नीलिखित शब्दों के बहुवचन लिखें -

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. मछुआरा | मछुआरे | छ. घोंसला | घोंसले |
| ख. मछली | मछलियाँ | ज. नदी | नदियाँ |
| ग. बेटा | बेटे | | |
| घ. पिंजरा | पिंजरे | | |
| ड. सीढ़ी | सीढ़िया | | |
| च. पोटली | पोटलियाँ | | |

2. किसने कहा, किससे कहा -

क. मिलता क्यों नहीं, बहुत कुछ मिलता है।
उत्तर- श्यामू ने बेटों से कहा।

ख. यह मछली महल है, मेरा घर, यह पिंजरा कभी नहीं खुलेगा।
उत्तर- मछली रानी ने श्यामू से कहा।

ग. पिंजरे का कोई दरवाज़ा नहीं है। मैं नहीं जानता यह कौन-सी जगह है।
उत्तर- श्यामू ने जय और वीनू से कहा।

घ. मछली रानी हमें जाने दो। बेटों की ओर से मैं क्षमा माँगता हूँ।
उत्तर- श्यामू ने रानी मछली से कहा।

Scanned with CamScanner

# हिन्दी व्याकरण

## 'दीपावली'

1. दीपावली भारत का प्रमुख त्योहार है।
2. यह त्योहार हर वर्ष कार्तिक मास की अमावस्या के दिन मनाया जाता है।
3. इस दिन श्री रामचंद्र जी लंका पर विजय प्राप्त करके अयोध्या वापिस आए थे।
4. दीपावली का त्योहार को बहुत धूमधाम के साथ मनाया जाता है।
5. दीपावली के दिन लोग घरों और दुकानों को दीयों से सजाते है।
6. दीपावली के दिन लोग नए कपड़े और मिठाईयाँ खरीदते है।
7. दीपावली की रात को लक्ष्मी की पूजा की जाती है।
8. दीपावली के दिन रात को लोग पटाखे जलाते है।
9. इस दिन पूरा आसमान पटाखों की आवाज से गूँज उठता है।
10. यह त्योहार अमीर- गरीब सब लोग मिल- कर धूमधाम से मनाते है।

Scanned with CamScanner

अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखें।

प्रधानाचार्य जी,
न्यू एरा पब्लिक स्कूल,
राजबाग (श्रीनगर)

दिनांक : ..............

महोदय,

आप से निवेदन है कि आज मुझे जरूरी काम से परिवार के साथ जम्मू जाना पड़ रहा है। इसलिए मैं दो दिन तक स्कूल में उपस्थित होने में असमर्थ हूँ।

कृपया करके मुझे 15 व 16 नवम्बर तक अवकाश प्रदान कर कृतार्थ करें।

आपकी आज्ञाकारी शिष्या / शिष्य

क, ख, ग.

Scanned with CamScanner

## मुहावरों के अर्थ : (1-10)

1. अक्ल का अंधा = मूर्ख, बेवकूफ।

2. आँखों में धूल-झोंकना = धोखा देना।

3. आग-बबूला होना = बहुत गुस्सा होना।

4. आसमान सिर पर उठाना = शोर करना।

5. दंग रह जाना = हैरान हो जाना।

6. नाक में दम करना = परेशान करना।

7. पीठ ठोकना = शाबाशी देना।

8. बाँछे खिलना = बहुत खुश होना।

9. माथापच्ची करना = सिर खपाना।

10. गला फाड़ना = चिल्लाना।

## विलोम शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. राजा | रंक | 5. सुबह | शाम |
| 2. बूढ़ा | जवान | | |
| 3. खड़ा | बैठा | | |
| 4. नई | पुरानी | | |

Scanned with CamScanner

## पर्यायवाची शब्द

| | |
|---|---|
| 1. हनुमान | महावीर, कपीश |
| 2. चतुर | कुशल, निपुण |
| 3. सीता | जानकी, मैथिली |
| 4. झरना | निर्झर, सोता |
| 5. देवता | सुर, अमर |

## वर्ण

प्रश्न:- वर्ण किसे कहते है?

उत्तर:- वह छोटी से छोटी ध्वनि जिसके टुकड़े न हो सके उसे वर्ण कहते है। जैसे अ, आ, इ, ई, ओ आदि।

प्रश्न:- शब्द किसे कहते है?

उत्तर:- एक या एक से अधिक वर्णो से बनी हुई स्वतंत्र सार्थक ध्वनि ही शब्द कहलाती है।

—— o —— o ——

Scanned with CamScanner